Statement-III

Details of new exchage proposed in Ahmednagar District during 1992 *is given below :*

Name of Exchange	Tehsil
Arangaon •	Ahmednagar
Kaudgaon	-Do-
Virgaon	Akola
Duregaon	Karjat
Wagholi	Shevgaon
Kawatha	Shrigonda

महाराष्ट्र में साधारण पत्रों के साथ तारों का भेजा जाना

503. **डा० बापू कालदाते** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चांदपुर, (महाराष्ट्र) के तार कार्यालय से प्रतिदिन लगभग एक हजार तारों को साधारण पत्रों के साथ भेजा जाता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वहां लगे सभी टेलीप्रिंटर पिछले कुछ दिनों से खराब पड़े हैं ;

(ग) यदि हां, तो इस स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार क्या कदम उठाने पर विचार कर रही है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि महाराष्ट्र में अधिकांश डाकघरों में प्रेषणार्थ जो तार स्वीकार किए जाते हैं उन्हें पत्रों के रूप में भेजा जाता है ;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे डाकघरों में टेलीप्रिन्टर लगाने के बारे में विचार कर रही है ;

(च) ऐसे डाकघरों की क्या कितनी है जहां तार तो स्वीकार किए जाते हैं लेकिन वहां कोई टेलीप्रिन्टर नहीं लगाया गया है ; और

(छ) सरकार ऐसे सभी डाकघरों में कब तक टेलीप्रिन्टर लगाने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) :(क) जी नहीं ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) जी नहीं ।

(ङ) किसी डाकघर से भेजे जाने वाले तारों की संख्या 50 अथवा उससे अधिक होने पर वहां टेलीप्रिन्टर प्रदान कर दिए जाएंगे ।

(ग) 2476 डाकघरों में टेलीप्रिन्टर मशीनें संस्थापित नहीं की गई हैं । तथा तार भेजने के लिए मोर्स और फोनोकॉम संचारण जैसी अन्य व्यवस्थाएं मौजूद है ।

(छ) जब की किसी डाकघर में परियात का संभार 50 संदेश प्रतिदिन की सीमा को पार कर जाएगा तब वहां टेलिप्रिन्टर मशीन उपलब्ध करा दी जाएगी ।